
**Daily COVID-19 Updates**

**14 May, 2020**



## किसान, गरीब और मजदूरों के हितों के लिए संकल्पित मोदी सरकार

आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित किए गए 20 लाख करोड़ रूपये की विस्तृत जानकारी देने की कड़ी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा की गई आज की प्रेस कांफ्रेस प्रवासी श्रमिकों, किसानों एवं सड़क किनारे रेहड़ी, स्टाल लगाने वालों के अलावा छोटे किसानों को समर्पित रही. गौरतबल है कि वित्त मंत्री इस महत्वपूर्ण आर्थिक पैकेज का उपयोग किस सेक्टर में कितना होगा यह जानकारी प्रतिदिन देशवासियों को दे रही हैं. कल वित्तमंत्री ने एमएसएमई सेक्टर के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई थी. आज की प्रेस कांफ्रेस में वित्त मंत्री ने उनकी पीड़ा को समझा जो कोरोना के कारण सबसे अधिक तनावग्रस्त हैं. जाहिर है कि प्रवासी मजदूरों के सामने रोजगार के साथ वर्तमान में अपनी आजीविका कैसे चलाएं इसकी चिंता भी है. सड़क किनारे अपना ठेला लगाकर और जमीन पर ही समान सजाकर बेचने वाले लोगों की आमदनी पूरी तरह ठप्प है. इसी तरह छोटे किसान भी तमाम तरह की शंकाओं से घिरे हुए हैं. आज की प्रेस कांफ्रेस के बाद शंकाओं के बादल छट गए हैं और यह साबित हुआ है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार गरीबों, मजदूरों एवं किसानों की हर परेशानी को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है. आज कई महत्वपूर्ण घोषणाएं हुई हैं, जिसमें प्रवासी मजदूरों को मुफ्त अनाज, रेहड़ी-पटरी वालों के लिए लोन की सुविधा और तीन करोड़ किसानों के लिए 30 हजार करोड़ के अतिरिक्त फंड की घोषणा भी है. मध्यम वर्ग को भी राहत देते हुए सरकार छह लाख से अठारह लाख तक प्रति वर्ष आय वाले लोगों के लिए 70000 करोड़ का बढ़ावा देने वाली योजना लाई है, जिससे मध्यम वर्ग को हाउसिंग सेक्टर में लाभ होगा. रेहड़ी, पटरी और ठेले पर सामान बेचने वाले गरीब तबके की चिंता करते हुए मोदी सरकार ने 5000 करोड़ रूपये आवंटित किए गए हैं. काम को शुरू करने के लिए 10000 रुपए प्रति व्यक्ति को प्रदान किए जाएँगे. डिजिटल इण्डिया को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने डिजिटल पेमेंट पर अतिरिक्त लाभ देने की बात कही गई है. अब सरकार वन नेशन वन राशन कार्ड' सभी प्रवासी मजदूरों के लिए लाने जा रही है. गौरतलब है कि इसकी सहायता से गरीब मजदूर किसी भी राज्य में राशन की दूकान से

अपना राशन उचित मूल्य पर ले सकेंगे. आठ करोड़ प्रवासी मजदूरों के राशन के लिए मोदी सरकार ने 3500 करोड़ रूपये आवंटित किए हैं. जिससे प्रति व्यक्ति 2 महीने मुफ्त 5-5 किलो चावल, गेहूं और 1 किलो चना प्रत्येक परिवार को प्राप्त होगा. इस सराहनीय निर्णय के बाद कोई गरीब, मजदूर भूखा नहीं सोएगा. वित्त मंत्री ने यह भी जानकरी दी कि प्रवासी मजदूर और शहरी गरीबों को राहत पहुंचाने के लिए आपदा राहत फंड के माध्यम से 11000 करोड़ से अधिक की राशि राज्यों को उपलब्ध करवा दी गई है. कुलमिलाकर हम यह कह सकते हैं कि आज की प्रेस कांफ्रेस उन गरीब मजदूरों, किसानों एवं मध्यम वर्ग को आश्वस्त करती है कि मोदी सरकार कोरोना संकट के दौरान भी उनकी चिंता को दूर करने के लिए संकल्पित है.

**Positive India:**

1. तेजी से घट रहा है गंभीर रूप से बीमार मरीजों का अनुपात, आधे प्रतिशत से कम मरीज वेंटिलेटर पर- https://www.jagran.com/news/national-the-proportion-of-seriously-ill-patients-is-decreasing-rapidly-less-than-half-percentage-of-patients-on-ventilator-20268039.html

2. कोविड की दवा के लिए चार भारतीय कंपनियों ने किया लाइसेंस समझौता- https://www.jagran.com/news/national-four-indian-companies-license-agreement-for-covid-drug-20268755.html

3. कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए मणिपुर के गांव में 80 झोपड़ियां क्वारंटाइन सेंटर में तब्दील- https://www.jagran.com/news/national-80-huts-in-manipur-village-converted-into-quarantine-center-for-prevention-of-corona-infection-20268650.html

4. पीएम केअर्स फंड से 3100 करोड़ जारी, प्रवासी मजदूरों पर खर्च होंगे 1000 करोड़- https://www.jagran.com/news/national-rs-3100-crore-from-pm-cares-fund-allocated-for-ventilators-and-migrants-20268343.html

5. कोरोना वायरस के प्रसार जांचने के लिए 21 राज्यों में एंटीबॉडी परीक्षण करने जा रही सरकार- https://www.livehindustan.com/national/story-government-to-conduct-antibody-test-in-21-states-to-check-prevalence-of-corona-virus-3213471.html

6. पिछले 24 घंटे में नौ राज्यों, केंद्रशासित क्षेत्रों में कोविड-19 का कोई नया मामला नहीं :हर्षवर्धन- https://navbharattimes.indiatimes.com/india/there-is-no-new-case-of-kovid-19-in-nine-states-/-union-territories-in-the-last-24-hours/articleshow/75724806.cms

7. लॉकडाउन के बाद कोरोना का खतरा दूर करेगा कॉमन मोबिलिटी कार्ड, खत्म होगा टिकट का झंझट- https://www.amarujala.com/india-

news/common-mobility-card-will-remove-the-threat-of-corona-after-lockdown-ticket-mess-will-end

8. मुंबई में पहली कोरोना टेस्ट बस, स्क्रीनिंग से लेकर हर सुविधा से है लैस- https://www.amarujala.com/india-news/mumbai-gets-its-first-mobile-coronavirus-testing-bus-for-mass-screening

9. 1 lakh tests per day, recovery rate at 32.8%: Harsh Vardhan- https://indianexpress.com/article/india/1-lakh-tests-per-day-recovery-rate-at-32-8-harsh-vardhan/

10. India to recruit 1,500 patients for WHO's solidarity trial- https://www.hindustantimes.com/india-news/india-to-recruit-1-500-patients-for-who-s-solidarity-trial/story-vNomMlnezRmmCB86oXR7pI.html

11. Union Government Extends Registration Of Real Estate Projects Under RERA Amid Covid-19 Woes- https://swarajyamag.com/news-brief/union-government-extends-registration-of-real-estate-projects-under-rera-amid-covid-19-woes

## Salient Points of Press conference by Finance Minister Nirmala Sitharaman on Aatma Nirbhar Bharat Package

- We must remember that within hours of announcing Lockdown 1.0, we had announced the PM Gareeb Kalyan Yojana, that was for providing money and food to the poor.

- 3 crore marginal farmers have already benefited from Rs. 4 lakh crore credit provided to them. These people also benefited through the moratorium provided by the RBI.

- The incentive on crop loans was provided till March, and we're extending it to 31st May, 2020. 25 lakh new Kisan credit cards holders have been santioned with a loan limit of Rs 25,000 crore.

- Rs 4,200 crore provided for rural infrastructure during the COVID period. Working capital of Rs 6,700 crore sanctioned for procurement of agricultural produce to state agencies since March 2020.

- Rs 63 lakh loans worth Rs 86,000 crore have been provided in the last two months. Refinancing of Rs 29,500 crore provided by NABARD, to cooperative banks and Regional rural banks in March 2020.

- In just the last two months, GoI has permitted State govts to utilise the SDR Fund to set up shelters and basic facilities for migrants. Rs 11,002 crore of its governmental share was advanced to all states on 3rd April under SDRF.

- 12,000 Self-Help groups in the country have produced over 3 crore masks and 1.2 lakh litres of sanitizers. The urban poor contributed to this in a major way. 7,200 new SHGs of urban poor have been newly formed since March 15, 2020.

- We had announced the increase in average wage rate from Rs 182 to Rs 202 under MNREGA. We have already generated 14.62 crore man-days of work till 13th May. This is 40-50% more than May last year. We're ensuring they get enrolled in large numbers.

- Work has been offered to 2.33 crore wage seekers in 1.87 lakh gram panchayats. States/UTs have been advised to provide these workers work as per provisions. The total expenditure so far has been nearly Rs 10,000 crore.

- Labour Codes are in the Parliament and labours' welfare are at the top of our agenda. The minimum wages are applicable to only 30% of the workers currently. We want to make it universal.

- Free food grain supply to all migrants for the next two months. For those who're non-card holders, they shall be given 5 kgs per person of wheat/rice and 1 kg chana per family. About 8 crore migrants are expected to benefit from this.


- One Nation, One Ration card is helping people via technology. National Portability of Cards. PDS Cards can be used in any ration shop in any part of the country. Ration-card holders can use his card in any state he moves in.

- Rs. 1500 crores Interest subvention for Mudra-Shishu Loans. Government of India will provide Interest Subvention of 2% for prompt payees for a period of 12 months, additionally over the 3-month moratorium.

- Rs 5,000 crore special credit facility for street vendors. Government will launch a special scheme within a month to facilitate easy access to credit street vendors. This will support nearly 50 lakh street vendors.

- Rs 70,000 crore boost to housing sector and middle income group through extension of CLSS. Government will extend the CLSS Scheme up to March 2021. 2.5 lakhs middle income families will benefit during 2020-21.

- The Aatmanirbhar Bharat Package part - 2, aimed at the poor, migrant workers and farmers will not only help them tide over the hardships caused by Corona crisis but will also prove to be the cornerstone in empowering them in long run through food, employment and social securities.




**India Fights Corona (COVID-19 Updates)**

- पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के मामलों में 3,722 की बढ़त हुई और 134 मौतें हुईं। देश में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 78,003 है(इसमें 49,219 सक्रिय मामले, 26,235ठीक/डिस्चार्ज/ विस्थापित मामले और 2,549 मौतें शामिल हैं): स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

- प्रदेश में अभी 1730 एक्टिव कोरोना केस हैं। पूरी तरह ठीक होकर डिस्चार्ज 1973 लोग हैं। कल 5833 सैंपल्स की जांच की गई। कल ही प्रदेश ने 1,53,139 टेस्ट पूरे कर लिए।अभी तक 370टेस्टिंग पूल लगाए गए जिसमें से 27 पॉजिटिव 343 नेगेटिव आए:उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद

- COVID19 के 2 नए पॉजिटिव मामलों के साथ चंडीगढ़ में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 191 हो गई है जिसमें 3 मौतें शामिल हैं: केंद्र शासित प्रदेश स्वास्थ्य विभाग

- राजस्थान में आज दोपहर 2 बजे तक COVID19 के 24 नए पॉजिटिव मामले सामने आए हैं। कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या अब 4418 हो गई है,इसमें 122 मौतें, 2346 डिस्चार्ज और 1716 सक्रिय मामले शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- भारत में 1 लैब से शुरू करके ICMR और NCDC ने 500 से ऊपर लैब की क्षमता पैदा कर ली है। भारत में आज हमारे 2 मिलियन (20 लाख) टेस्ट पूरे होने वाले हैं। कल ही भारत में 90,000 से ज्यादा टेस्ट हुए: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन

- उत्तराखंड में आज कोरोना वायरस के 3 नए मामले सामने आए हैं, सभी देहरादून ज़िले के हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 75 है, इसमें 24 सक्रिय मामले, 50 ठीक हो चुके मामले और 1 मौत शामिल है: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- दिल्ली में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 472 नए मामले सामने आए हैं और 187 लोग ठीक हुए हैं। राजधानी में पिछले 24घंटों में COVID19 से कोई मौत नहीं हुई। दिल्ली में कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 8,470 है, इसमें ठीक हो चुके 3,045 मामले और 115 मौतें शामिल हैं: दिल्ली सरकार

- कर्नाटक में कल शाम 5 बजे से आज दोपहर 12 बजे तक कोरोना वायरस के 22 और मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव

मामलों की कुल संख्या 981 है, इसमें डिस्चार्ज हो चुके 456 मामले और 35 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- पिछले 24 घंटों में आंध्र प्रदेश में कोरोना वायरस के 36 नए मामले सामने आए हैं। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 2,100 है, इसमें 1,192 डिस्चार्ज हो चुके मामले और 48 मौतें शामिल हैं: राज्य कमांड कंट्रोल रूम, आंध्र प्रदेश

- दिल्ली की गाजीपुर फल और सब्जी मंडी के सचिव और उप सचिव के कोरोना पॉजिटिव आने के बाद मंडी को सेनिटाइज करने के लिए 2 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है: एस.पी. गुप्ता, अध्यक्ष, गाजीपुर फल और सब्जी मंडी

- कोविड-19 से स्वस्थ होने वालों की दर बढकर 33 दशमलव छह तीन प्रतिशत हुई: All India Radio News

- भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद- ICMR ने कहा है कि देश भर में अब तक 19 लाख 47 हजार 41 कोविड-19 के नमूनों की जांच की जा चुकी है। पिछले 24 घंटों के दौरान 92 हजार 791 लोगों की जांच की गई।

- केन्द्रीय आयुष मंत्री श्रीपद नाईक ने कहा है कि आयुष मंत्रालय और भारतीय वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद मिलकर कोविड से संबंधित चार दवाईयों पर काम कर रहे हैं और इनका परीक्षण एक सप्ताह के अंदर शुरू हो जायेगा।

## COVID-19 Updates (Worldwide)

- UAE Ministry of Health and Prevention conducted additional 37,000 COVID19 tests, which revealed 698 new cases bringing the total number of cases to 21,084. The new cases identified are undergoing treatment.

- UN urges govts, civil society & health authorities to urgently address mental health needs amid COVID19 Pandemic.

- Japan: Experts on coronavirus task force approves govt plan lifting ongoing state of emergency except for Tokyo & several other high-risk areas.

- South African President Cyril Ramaphosa cautions people to be prepared to live with deadly coronavirus for a year or more, asks them to adapt to Social Distancing measures & wear face masks.

- The European Union's medicines agency suggested on Thursday that a vaccine for the coronavirus could be ready in year, even as the World Health Organization warned that the disease may never go away.

- Coronavirus wipes almost 100 bn euros off Germany's 2020 tax intake: official estimate.

- The EU insisted on Thursday that any vaccine against coronavirus must be available fairly to all countries after French drug giant Sanofi said it was reserving first shipments for the US because Washington is helping to fund the research.

- The United States recorded 1,813 coronavirus deaths in the past 24 hours, bringing the total to 84,059, according to Johns Hopkins University. The country -- hardest hit by the pandemic in terms of the number of fatalities -- has now confirmed a total of 1,389,935 cases.

# कोरोना वायरस पर केन्द्रित आलेख के मुख्य बिंदु

## लॉकडाउन: प्रधानमंत्री मोदी की कुशल रणनीति से भारत कोरोना कहर से कम हानि वाला देश बनकर उभरा

यदि आबादी और संसाधन के दृष्टिकोण से देखा जाए तो भारत कोरोना कहर से अपेक्षाकृत कम हानि वाला देश बनकर उभरा है। इसमें हमारी देशज जीवन पद्धति, राष्ट्र मन की शक्ति, सरकार का संकल्प और लोक कल्याण के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता का सर्वाधिक योगदान है। कोराना वायरस के संक्रमण को रोकने के लिए दुनिया में जो प्रथम प्रयास किया गया वह लॉकडाउन ही रहा। मोदी सरकार ने भी इसी रणनीति को अपनाया, लेकिन कांग्रेस सहित कई दल इस लॉकडाउन को बिना सोचे समझे हड़बड़ी में उठाया गया कदम बताते रहे और वह भी तब जब दुनिया में भारत की रणनीति और सफलता की चतुर्दिक प्रशंसा हो रही थी। ऐसा लगता है कि विपक्षी दल लॉकडाउन की सफलता को पचा नहीं पाए और इसीलिए वे उलटे-सीधे बयान देते रहे। इस मामले में कांग्रेस की अतार्किक और आत्मघाती बयानबाजी उसे और गर्त में ले जा रही है। यही स्थिति कुछ क्षेत्रीय दलों की भी है।

लॉकडाउन से देश में लाखों लोगों की जीवन रक्षा हुई है। जीवन सर्वोपरि है और जीवन रक्षा यदि बिना किसी लागत के हो सके तो यह सबसे बड़ी मानवीय उपलब्धि है। इसकी प्रशंसा करने के विपरीत उपहास और आलोचना करने वाले राजनेता इस तथ्य से अनभिज्ञ हैं कि आमजन में उनके आचरण की कितनी निंदा हो रही है? लगता है कि उनके लिए राष्ट्र हित और मानव हित से ऊपर राजनीतिक स्वार्थ और सत्ता ही है। शायद वे यह भूल चुके हैं कि मानव जाति रहेगी तभी समाज रहेगा और जब समाज रहेगा तभी राष्ट्रबोध और राजनीति रहेगी, परंतु उनकी सोच दल की विरासत और सियासत तक ही सीमित है।

Source: https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-lockdown-india-less-harm-than-corona-havoc-with-modi-strategy-20268773.html




**Prepared by:**

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey